Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 09-05-2005

Participants : Azmi Shri Iliyas

an>

Title: Need to provide special economic package for construction of roads and undertaking rural electrification in Shahabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : मेरा संसदीय क्षेत्र शाहाबाद उत्तर प्रदेश के दो जिलों हरदोई व खीरी में फैला है। यह संसदीय क्षेत्र दो जिलों में होने के कारण कोई भी सांसद इन जिलों के अधिकारियों को पूरी तरह संभाल नहीं पाता है और यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पहले ही पिछड़ चुका है।

आजादी के 57 सालों में कभी केन्द्र या राज्य सरकार का क्षेत्र विकास में अलग से किसी पैकेज के माध्यम से एक रुपया भी नहीं लगा। पूरे क्षेत्र में तीन शूगर मिलों के अतिरिक्त एक भी सरकारी या निजी कारखाना नहीं है। पूरे क्षेत्र में स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, पानी और बिजली का अभाव है।

मेरा सदन के माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री एवं विद्युत मंत्री से विशेा अनुरोध है कि इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करके अन्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए प्रधान मंत्री सड़क योजना से रूटिन के अलावा कम से कम 20 करोड़ रुपए हरदोई जनपद व 15 करोड़ रुपए खीरी जनपद के क्षेत्रों के लिए विशेा पैकेज दिया जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों एवं ग्रामीण विद्युतीकरण करने के लिए अलग प्रधान मंत्री सड़क योजना तथा ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से भी क्षेत्र के दोनों जिलों को अलग से विशेा पैकेज दिया जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri E.G. Sugavanam – Not present